भारत सरकार
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय
वाणिज्य विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं.1896

दिनांक 11मार्च,2025 को उत्तर दिए जाने के लिए

द्विपक्षीय और बहुपक्षीय व्यापार

1896. डॉ. अंगोमचा बिमोल अकोइजम:

क्या **वाणिज्य और उद्योग मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) भारत द्वारा म्यांमार और अन्य दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों के साथ किए गए द्विपक्षीय और बहुपक्षीय व्यापार समझौतों का ब्यौरा क्या है;
(ख) भारत द्वारा इन देशों को निर्यात किए गए तथा वहां से आयात किए गए उत्पादों का मदवार और देशवार ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या इन देशों के साथ व्यापार में बढ़ोतरी हुई है अथवा घाटा हुआ है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(घ) क्या सरकार की इन देशों के साथ व्यापार बढ़ाने की कोई योजना है और यदि हां, तो क्या ऐसे विस्तार से उत्तर-पूर्व के सीमावर्ती राज्यों के लोगों को लाभ होगा; और
(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री जितिन प्रसाद)

(क): भारत ने दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों के संगठन (आसियान) के साथ वस्तुओं, सेवाओं और निवेश पर व्यापार समझौते किए हैं, जिसमें म्यांमार भी एक सदस्य देश है। भारत के कुछ आसियान सदस्य देशों नामतः सिंगापुर (भारत-सिंगापुर सीईसीए), मलेशिया (भारत-मलेशिया सीईसीए) और थाईलैंड (अर्ली हार्वेस्ट स्कीम (ईएचएस)) के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते हैं।
(ख):अपेक्षित विवरण वाणिज्य विभाग की वेबसाइट http://commerce.gov.in पर **'व्यापार सांख्यिकी'** और फिर **'निर्यात आयात डेटा बैंक'** लिंक के तहत उपलब्ध हैं।
(ग):वर्ष 2023-2024 के दौरान आसियान देशों के साथ व्यापार अधिशेष/घाटे को दर्शाने वाला विवरण अनुलग्नक के रूप में संलग्न है।
(घ) और (ङ):विभिन्न देशों के साथ व्यापार का विस्तार करना एक सतत् और अनवरत प्रक्रिया है। तदनुसार, उत्तर-पूर्व के सीमावर्ती राज्यों सहित भारत के नागरिकों के लाभ के लिए आसियान देशों के साथ व्यापार का विस्तार करने के लिए व्यापार समझौतों की नियमित समीक्षा की जाती है।

अनुलग्नक

दिनांक 11.03.2025 **को उत्तर के लिए नियत लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 1896 के भाग (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक**

वर्ष 2023-2024 के दौरान आसियान देशों के साथ व्यापार अधिशेष/घाटे को दर्शाने वाला विवरण

(मूल्य मिलियन अमरीकी डॉलर में)

क्र.सं.	देश	भारत का निर्यात	भारत का आयात	व्यापार संतुलन
1	ब्रुनेई	67.44	218.76	-151.32
2	कंबोडिया	185.39	218.40	-33.01
3	इंडोनेशिया	5,988.88	23,410.61	-17,421.73
4	लाओ पीपुल्स डेमोक्रेटिक रिपब्लिक	12.88	99.73	-86.85
5	मलेशिया	7,262.15	12,754.01	-5,491.86
6	म्यांमार	670.37	1,075.65	-405.28
7	फिलीपींस	2,097.17	1,433.60	663.57
8	सिंगापुर	14,414.27	21,199.25	-6,784.98
9	थाईलैंड	5,038.97	9,909.23	-4,870.26
10	वियतनाम	5,470.15	9,345.07	-3,874.92

****